


## विदेश से गैंग चला रहे दो बड़े अपराधी गिरफ्तार


# 26 वारदात कर अमेरिका में छिपे सोमबीर का करवाया प्रत्यर्पण

- 10वें बड़े अपराधी का प्रत्यर्पण हरियाणा एसटीएफ ने विदेश से करवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चंडीगढ़

एसटीएफ हरियाणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगठित अपराध के विरुद्ध बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए जिला रोहतक के कुख्यात गैंगस्टर सोमबीर उर्फ मोट्टा (39) को 10 फरवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित करवाया है। वर्ष 2025 से अब तक यह एसटीएफ हरियाणा द्वारा किया 10वां बड़ा प्रत्यर्पण है और अमेरिका से तीसरा महत्वपूर्ण प्रत्यर्पण है। इससे पूर्व 25 अक्टूबर 2025 को लखविंदर उर्फ लखा और 07 जनवरी 2026 को अमन भैंसवाल का प्रत्यर्पण किया जा चुका है। सोमबीर उर्फ मोट्टा कुख्यात अपराधी अनिल छिप्पी का भाई है तथा इसके लॉरेंस बिश्नोई और काला जठेड़ी गैंग से निकट संबंध रहे हैं। वर्ष 2014 में गुरुग्राम की भोंडसी जेल में मैनपाल बादली गैंग के सदस्य की हत्या में भी इसकी संलिप्तता पाई गई थी। आरोपी हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी वसूली, डकैती, लूट तथा आर्म्स एक्ट के तहत गंभीर अपराधों में सक्रिय रहा है। उस पर रोहतक, सोनीपत, झज्जर, बहादुरगढ़, गुरुग्राम, दिल्ली एवं राजस्थान आदि में 26 केस दर्ज हैं।

### गैंगस्टर छिप्पी का भाई सोमबीर फर्जी पासपोर्ट से भागा था विदेश



*आरोपी के विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया था तथा इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस भी प्रसारित किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि उसने धोखाधड़ी से प्राप्त पासपोर्ट के माध्यम से 03 जनवरी 2024 को मुंबई एयरपोर्ट से बैंकॉक के लिए भारत छोड़ा था। उक्त पासपोर्ट आरपीओ गाजियाबाद द्वारा 14 अगस्त 2024 को निरस्त कर दिया गया। इस संबंध में थाना आईएमटी रोहतक में धारा 420 आईपीसी एवं 12-सी पासपोर्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।*

### अपराधियों को चेतावनी

कुख्यात गैंगस्टर सोमबीर उर्फ मोट्टा का संयुक्त राज्य अमेरिका से सफल प्रत्यर्पण एसटीएफ हरियाणा की पेशेवर दक्षता, तकनीकी क्षमता और मजबूत अनुसंधान प्रणाली का प्रत्यक्ष प्रमाण है। चाहे अपराधी दुनिया के किसी भी कोने में क्यों न छिपे हों, हरियाणा पुलिस उन्हें न्याय के कटघरे तक लाएगी।

- **अजय सिंघल**, डीजीपी, हरियाणा

### मास्को से लौटते ही एयरपोर्ट पर पकड़ा गैंगस्टर शीलू

**पानीपत/समालखा।** पानीपत पुलिस ने कुख्यात अपराधी सुनील उर्फ शीलू को बुधवार अलसुबह रूस के मास्को से लौटते ही दिल्ली एयरपोर्ट पर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पानीपत समेत करनाल, सोनीपत व चंडीगढ़ में विभिन्न आपराधिक वारदातों के 15 मामले दर्ज हैं। आरोपी विदेश में बैठकर जिले में दहशत फैलाने और रंगदारी वसूली के लिए आपराधिक वारदातों को अंजाम दिलवा रहा था।



पानीपत पुलिस को महराणा गांव में ट्रांसपोर्टर सी सुब्रमण्यम पर जानलेवा हमला व समालखा में मिठाई की दुकान पर फायरिंग करने व रंगदारी मांगने के मामले में गिरोह के सरगना डाहर गांव निवासी शीलू की तलाश थी। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस ने दोनों मामलों को सफलता पूर्वक सुलझाते हुए बीते दिनों एक नाबालिग सहित 9 आरोपियों निखिल उर्फ लाखन निवासी बिहौली, प्रिंस निवासी डाहर, वंश निवासी नारायणा, सुनील उर्फ गुंडा निवासी नौल्था, प्रिंस, सुमित, अंकित व टिंकू निवासी डाहर को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से खुलासा हुआ था उन्होंने डाहर निवासी सुनील के कहने पर उक्त वारदात की थी। पूछताछ में आरोपी से खुलासा हुआ वह जनवरी 2025 में जेल से बेल पर बाहर आया था। इसके बाद आरोपी अक्तूबर 2025 में थाईलैंड, अजरबैजान, बाकू व मास्को गया। आरोपी ने विदेश में बैठकर अपने गुर्गों से दहशत फैलाने और रंगदारी वसूली के लिए उक्त वारदात कराई थी। पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ शीलू को न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### गुरुग्राम : निर्माणाधीन बिल्डिंग में मिला 10वीं के छात्र का शव


**गुरुग्राम।** गुरुग्राम जिले में मानेसर इलाके में 17 वर्षीय छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 10वीं कक्षा में पढ़ने वाले आकाश तिवारी का शव एक खंडहरनुमा निर्माणाधीन इमारत की पहली मंजिल के छज्जे पर मिला। बुधवार को परिजनों ने पुलिस के सामने आकाश की हत्या का शक जताया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। मानेसर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू कर दी है। आकाश का परिवार मूलरूप से उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के इशापुर गांव का है। उनके पिता रंजीत तिवारी एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। परिजनों ने बताया कि 8 फरवरी को सुबह छह बजे आकाश मॉर्निंग वॉक करने के लिए घर से निकला था। दो घंटे तक वापस नहीं आया तो उसके पिता रंजीत ने तलाश शुरू की। करीब पौने नौ बजे मानेसर थाने में कॉल किया और गुमशुदगी की जानकारी दी।

## बिजली निगम की टीम पर हमला, मारा थप्पड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ उकलाना

गांव सुरेवाला में मंगलवार देर शाम चोरी की जांच करने पहुंची बिजली निगम की टीम के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जांच के लिए पहुंचे अधिकारियों को ग्रामीणों ने कथित रूप से घेर लिया, सरकारी कार्य में बाधा डाली और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस को सूचना दे दी गई है। निगम टीम का आरोप है कि बिंदर ने एक अधिकारी को थप्पड़ मारा, जबकि रमेश ने सरकारी डायरी के पन्ने फाड़ दिए और सुनील ने दुर्व्यवहार किया। मौके पर 40-50 लोगों की भीड़ जुटने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई। जेई ने पुलिस को शिकायत में बताया कि तीन नामजद आरोपियों बिंदर उर्फ दुधिया, रमेश उर्फ पप्पू और सुनील उर्फ कोकी सहित अन्य लोगों ने टीम से मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## कैथल से दो बार विधायक व मंत्री रहे कांग्रेस नेता मदान का निधन



**कैथल।** पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता 73 वर्षीय सुरेंद्र सिंह मदान का मंगलवार रात को निधन हो गया। मदान कैथल से दो बार विधायक रहे तथा मंत्री भी रहे। मंगलवार रात को वे नोएडा में एक पारिवारिक शादी समारोह में गए, जहां रात करीब 2 बजे अचानक उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई। परिवार के लोग तुरंत उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुरेंद्र के बेटे मानव मदान ने बताया कि उन्हें हार्ट अटैक आया था। उनका अंतिम संस्कार बुधवार दोपहर कैथल में प्रताप गेट स्थित कल्याण भूमि में किया गया। बेटे मानव मदान ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। बता दें कि सुरेंद्र मदान वर्ष 1987 में लोकदल के टिकट पर कैथल से विधायक व फिर मंत्री बने। 1991 के विधानसभा चुनाव से पहले वे कांग्रेस में शामिल हो गए और दूसरी बार विधायक बने। हालांकि वे राजनीति की शुरुआत में भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रहे थे। वर्ष 1984 में ताऊ देवीलाल के लोकदल में शामिल हो गए।

## युवक की हत्या में दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास

**जींद।** जिला एवं एव सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा की अदालत ने घर में घुसकर बीमार युवक की गला दबा कर हत्या करने के जुर्म में दो भाइयों को आजीवन कारावास तथा 40-40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। शिवपुरी कॉलोनी निवासी सियाराम ने 17 मार्च 2022 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि रात को उनके पड़ोसी गोबिंदा तथा उसका भाई दीपक घर में घुस आए। आरोपितों ने सिया राम के छोटे बेटे के बारे में पूछा। छोटे बेटे के घर पर न होने की बात कहे जाने आरोपितों ने सिया राम के साथ मारपीट शुरू कर दी। सियाराम की पत्नी व मंझले बीमार बेटे प्रवीण (23) ने छुड़वाने की कोशिश की तो आरोपितों ने प्रवीण की गला दबाकर हत्या कर दी। सियाराम ने बताया था कि कुछ दिन पहले उसके छोटे बेटे विकास के साथ पड़ोसी गोबिंदा तथा दीपक के साथ झगड़ा हुआ था।

## पटवारी व सहायक 20 हजार रिश्वत लेते काबू


**फरीदाबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पटवारी और उसके सहायक को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा। वो इंतकाल चढ़ाने के नाम पर 25 हजार रुपये ले रहा था। टीम ने दोनों के पास से 20 हजार रुपये रिश्वत की रकम भी बरामद की है।

दोनों आरोपियों ने पीड़ित से इंतकाल चढ़ाने के लिए कुल 30 हजार रुपये की मांग की थी। तब 25 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। इसमें से 5 हजार रुपये वो पहले ही ले चुके थे। जब शिकायतकर्ता ने एसीबी को इसकी शिकायत दी, तो ट्रैप लगाकर पाउडर लगे नोट देकर पीड़ित को भेजा और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। संजय कॉलोनी के रहने वाले शिकायतकर्ता शत्रुजीत शर्मा ने बताया कि उनके पास गांव में एक दुकान और मकान है। जिसका इंतकाल चढ़वाने के लिए वह पिछले कई महीने से तहसील के चक्कर काट रहे थे, लेकिन पटवारी जितेंद्र उनका काम नहीं कर रहे थे। इसके बाद फरीदाबाद की उप तहसील गोच्छी में पटवारी जितेंद्र के सहयोगी विनोद ने इंतकाल चढ़ाने की एवज में उनसे 30 हजार रुपये रिश्वत की डिमांड की।

भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सत्यमेव जयते
DATA FOR DEVELOPMENT

किराने के सामान से लेकर स्कूल की फीस तक
हम जो भुगतान करते हैं, वह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में परिलक्षित होता है






CBC 39101/13/0004/2526

राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण में हमारी भागीदारी से सीपीआई और मुद्रास्फीति के डेटा में सटीकता सुनिश्चित होती है।
देश भर के 2860 बाजारों के अद्यतन आइटम बास्केट और मूल्य डेटा संग्रह के आधार पर सीपीआई का आधार वर्ष संशोधित करके 2024 किया जा रहा है।
जारी करने की तारीख 12 फरवरी 2026
जब एनएसओ के सर्वेक्षक सर्वेक्षण के लिए आएं तो कृपया उनके साथ सहयोग करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।
mospi.gov.in @GoIStats /goistats GoIStats Ministry of Statistics & PI

